निबंधन एवं शर्तें (टीओआर)

सलाहकार-एचएमआईस (आईसीटी) (सांख्यिकी प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त उल्लिखित पद पर पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएँ एवं जिम्मेदारियाँ :

- मंत्रालय के एचएमआईएस पोर्टल के आईसीटी पहलुओं का प्रबंधन एवं निगरानी करना ।
- एनआईसी डाटा सेंटर मे तैनात एचएमआईएस के आईसीटी इनफ्रास्ट्रक्चर का आकलन एवं तदनुसार एमओएच एफडब्ल्यू को सलाह देना ।
- एनआईसी डाटा सेंटर टीम एवं एचएमआईएस के विभिन्न तकनीकि पहलुओं पर एचएमआईएस के कार्यान्वयन एजेंसी के साथ सुचारु संचालन एवं संवर्धन के लिए बातचीत करना ।
- सर्वर एवं एनक्लोसर को सुचारु रखने के लिए एनआईसी डाटा सेंटर टीम और एचएमआईएस के एएमसी सेवा प्रदाता के साथ बातचीत करना ।
- मंत्रालय के अन्य उपलब्ध पोर्टल्स के साथ मौजूदा एचएमआईएस के सिंक्रोनाईजेसन के लिए इनपुट्स प्रदान करना ।
- एनआईसी द्वारा प्रदान की गई रिपोर्ट के आधार पर सर्वर के प्रदर्शन की निगरानी एवं मूल्यांकन करना ।
- एचएमआईएस संबन्धित मुद्दों पर, यदि आवश्यक हो तो, राज्य तकनीकी टीम के साथ बातचीत करना ।
- आईसीटी एवं एचएमआईएस के अन्य पहलुओं पर स्थिति रिपोर्ट तैयार करना ।
- एचएमआईएस को संचालित करने वाले अधिकारियों द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना ।
- परामर्शदाता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए कार्य करेगा एवं कार्य स्थल नई दिल्ली होगी । उसे देश के भीतर यात्रा करने की आवश्यकता हो सकती है ।

पात्रता मापदंड:

शैक्षणिक योग्यता: पूर्णकालिक एम सी ए / बी ई / कम्पुटर विज्ञान मे बी टेक / ए आई सी टी ई अनुमोदित /यू जी सी से मान्यता प्रप्त संस्थान / विश्वविद्यालय से सूचना प्रोद्योगिकी मे समग्र न्यूनतम 60% (या समकक्ष ग्रेड)

अनुभव: आई टी प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन परियोजना / आई सी टी इनफ्रास्ट्रक्चर की निगरानी एवं प्रबंधन के साथ डेटाबेस प्रबंधन, होस्टिंग सर्वर, SAN, नेटवर्क, फायरवाल इत्यादि आई सी टी पहलुओं को संभालने मे 2 साल का अनुभव ।

आयु: आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष से अधिक नहीं ।

पारिश्रमिक सीमा : 60,000/- से 1,20,000/- रुपये के बीच प्रति माह।

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **9-Jul-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर hmis.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।